कानपुर, रविवार
21 जून, 2026
कानपुर देहात संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 26+4=30
www.jagran.com

दैनिक जागरण

उत्तर प्रदेश दिल्ली मध्य प्रदेश हरियाणा उत्तराखंड बिहार झारखंड पंजाब जम्मू कश्मीर हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित
योग कर्मसु कौ

# खातों में भेजी गई पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त

## दलीप नगर के कृषि विज्ञान केंद्र में वर्चुअल प्रसारण देखा गया

**जागरण संवाददाता, कानपुर देहात :** पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त शनिवार को किसानों के खातों में भेजी गई। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की 23वीं किस्त का शुभारंभ बंगाल से प्रधानमंत्री ने किया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया। किसानों सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण देखा।




कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण देखते किसान ● सूचना विभाग

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चौबेपुर अश्वनी कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम किसान निधि योजना छोटे और सीमांत किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। योजना के तहत किसानों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की आर्थिक सहायता 2000-2000 रुपये की तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाती है। कानपुर मंडल के संयुक्त कृषि निदेशक धर्मेंद्र कुमार ने किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की योजना के बारे में किसानों को विधिवत जानकारी दी। 23वीं किस्त के तहत जिले के किसानों के खातों में 1145.96 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी प्राची पांडेय ने बताया कि जिले में इस योजना से 375371 किसान परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। किसानों की ई केवाईसी, भू-लेख सत्यापन एवं आधार सीडिंग से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विशेष काउंटर भी लगाए गए। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया गया कि जिन किसानों की किस्त किसी कारणवश रुकी हुई है, वे अपने पास के कामन सर्विस सेंटर, कृषि विभाग कार्यालय या लेखपाल से संपर्क कर ईकेवाईसी एवं भू-अभिलेखों का सत्यापन अवश्य करा लें। जिला कृषि अधिकारी ने विभागीय योजनाओं एवं बीज, खाद की उपलब्धता और अनुदान के बारे में जानकारी दी। केवीके के विज्ञानी डा. खलील खान ने मिट्टी की सेहत ठीक रखने के लिए संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ावा देने की सलाह दी। गृह विज्ञानी डा. निमिषा अवस्थी ने भी किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। संचालन डा. शशिकांत ने किया।

अमर उजाला 21/06/2026

# दीक्षोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा




कबड्डी खेलते खिलाड़ी। स्रोत : संस्था

## दीक्षांत से पूर्व सीएसए में हुईं दीक्षोत्सव खेलकूद प्रतियोगिताएं

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में दीक्षांत समारोह से पूर्व आयोजित दीक्षोत्सव खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। एथलेटिक्स, दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और बैडमिंटन की स्पर्धाएं हुईं।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करना है। (संवाद)

...कालेज, बकेवर (इटावा), एक्सिस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, हाथीपुर महाराजपुर, कृष्णा देवी ... टेक्नोलॉजी उन्नाव शामिल हैं।

अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम का प्रमुख उ... वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव उपलब्ध कराना है ... स्वरूप अ... के लिए

– प्रो. विनय कुमार पाठक,

अमर उजाला 21/06/2026

# किसानों को कृषि तकनीक योजनाएं, फसल प्रबंधन बताया

माई सिटी रिपोर्टर

## आईआईपीआर और सीएसए में पीएम किसान योजना की किस्त भेजने का दिखाया प्रसारण

कानपुर। भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान (आईआईपीआर) और चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में शनिवार को किसानों को पीएम किसान योजना की 23वीं किस्त का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभ, उन्नत कृषि तकनीक, दलहनी फसलों के वैज्ञानिक प्रबंधन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और कृषि में नवाचारों के विषय में जानकारी दी गई। किसान-वैज्ञानिक परिचर्चा सत्र में किसानों ने अपनी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं को वैज्ञानिकों के समक्ष रखा, जिनका व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किया गया। आईआईपीआर में मुख्य अतिथि सांसद देवेंद्र सिंह भोले रहे। अध्यक्षता निदेशक डॉ. जीपी दीक्षित ने की। सीएसए के लाल बहादुर शास्त्री कृषक सभागार में सजीव प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई। विधायक सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार, महेश त्रिवेदी तथा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, डॉ. आरएस वर्मा, डॉ. अखिलेश मिश्रा, डॉ. राम जी गुप्ता आदि रहे।

# रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य : 2.00 रुपये मात्र
एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गाजिया

21 : 06 : 2026 | वर्ष 20 अंक 161 | RNI-No. UPHI


# विश्वविद्यालय में दीक्षोत्सव के अंतर्गत हुआ खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन




कानपुर (अनवर अशरफ )चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में दीक्षांत समारोह के पूर्व दीक्षोत्सव कार्यक्रमों के तहत विश्वविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जो छात्रों के सर्वांगीण विकास और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए होते हैं इन आयोजनों में एथलेटिक्स से लेकर पारंपरिक खेलों तक की विविध स्पर्धाएं शामिल हैं। इन आयोजनों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स (दौड़, लंबी कूद) के अलावा कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसे लोकप्रिय खेलों के मुकाबले होते हैं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉक्टर मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षोत्सव के दौरान भारतीय और क्षेत्रीय पारंपरिक खेलों को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है।प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन आयोजनों का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना के लिए प्रेरित करना होता है।

बहुभाषी दैनिक समाचार पत्र

कानपुर से प्रकाशित

E-mail :- deekshalayapravah@gmail.com

# दीक्षालय प्रवाह

RNI number-upmul-2023/88378

वर्ष : 04 अंक : 18 कानपुर, 21 जून, 2026 पेज-8 मूल्य : 3 रुपये

> पढ़ें पेज 2 पर

## पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी, कानपुर के 2.15 लाख किसानों को मिले 43 करोड़ रुपये

कानपुर (संवाददाता दीक्षालय प्रवाह)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम–किसान) योजना के तहत शनिवार को किसानों के खातों में 23वीं किस्त की राशि भेजी गई। कानपुर जिले के 2 लाख 15 हजार 654 किसानों को इस किस्त का लाभ मिला, जिसके तहत उनके खातों में कुल 43 करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान निधि सीधे हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से आयोजित कार्यक्रम में देशभर के किसानों के खातों में सम्मान निधि की राशि जारी की। इस अवसर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कानपुर जिले में भी किया गया, जिसे किसानों ने उत्साह के साथ देखा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के लालबहादुर शास्त्री सभागार में आयोजित किया गया। इसके अलावा सभी विकासखंड मुख्यालयों और ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों में भी प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के साथ कृषि विभाग द्वारा तिलहन मेले का आयोजन भी किया गया। मेले में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को तिलहनी फसलों की उन्नत खेती, प्राकृतिक कृषि पद्धतियों, फसल विविधीकरण तथा आधुनिक कृषि नवाचारों की जानकारी दी। किसानों को विभागीय योजनाओं और नई तकनीकों के बारे में भी जागरूक किया गया, ताकि वे खेती को अधिक लाभकारी बना सकें। उप कृषि निदेशक डॉ. आर.एस. वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ–साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि एक साथ 2.15 लाख से अधिक किसानों के खातों में 43 करोड़ रुपये की राशि पहुंचना किसानों के लिए बड़ी राहत है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, कृषि विभाग के अधिकारियों और लगभग 150 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों को तिलहनी फसलों के उत्पादन बढ़ाने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# सी एस ए में दीक्षोत्सव के अंतर्गत हुआ खेलकूद।डॉ. मुकेश श्रीवास्तव



संवाददाता | **निष्पक्ष पोस्ट**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में दीक्षांत समारोह के पूर्व दीक्षोत्सव कार्यक्रमों के तहत विश्वविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जो छात्रों के सर्वांगीण विकास और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए होते हैं इन आयोजनों में एथलेटिक्स से लेकर पारंपरिक खेलों तक की विविध स्पर्धाएं शामिल हैं। इन आयोजनों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स (दौड़, लंबी कूद) के अलावा कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसे लोकप्रिय खेलों के मुकाबले होते हैं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉक्टर मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षोत्सव के दौरान भारतीय और क्षेत्रीय पारंपरिक खेलों को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है।प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा संबद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन आयोजनों का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना के लिए प्रेरित करना होता है।